सं0-11/2019/1146/62-2-2019-2/3(19)/2018

प्रेषक,

जुहैर बिन सगीर,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी अभियंता,
लघु सिंचाई सम्बन्धित प्रखण्ड।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 27 जून, 2019

विषय- चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-83(एस0सी0एस0पी0) के अधीन जिला योजना के अन्तर्गत मध्यम गहरे नलकूप योजना में प्राविधानित धनराशि अवमुक्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग के पत्र संख्या-139/ल0सिं0/बजट-SCSP/TSP/2019-20, दिनांक 10.06.2019 एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक-22.03.2019 के संदर्भ में मुझें यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-83 के अधीन प्रश्नगत योजना में एस0सी0एस0पी0 के कृषकों के लिए प्राविधानित धनराशि रू0-1044.70 लाख (रूपया दस करोड़ चौवालिस लाख सत्तर हजार) को संलग्न विवरणानुसार श्री राज्यपाल आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है:-

(1) यह धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के अन्तर्गत जिला सेक्टर की योजनाओं के अधीन एस0सी0एस0पी0 के अन्तर्गत मध्यम गहरे नलकूप की योजना पर व्यय हेतु है। अवमुक्त धनराशि को किसी ऐसे मद पर कदापि व्यय न किया जाय, जिसके लिये वित्तीय हस्त पुस्तिका तथा बजट मैनुअल एवं शासन के स्थाई/अस्थाई आदेशों के अन्तर्गत शासन या सक्षम अधिकारी की स्वीकृति आवश्यक हो, ऐसा व्यय शासन/सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति व सहमति प्राप्त करने के उपरान्त ही किया जाय।

(2) अवमुक्त धनराशि से किसी भी दशा में अधिक व्यय न किया जाय तथा समस्त व्यय सम्बन्धित शासनादेशों तथा शासन के स्थाई/अस्थाई नियमों में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन ही किया जाय।

(3) अतिरिक्त धनराशि की प्राप्ति की प्रत्याशा में अनाधिकृत एवं अधिक व्यय कदापि न किया जाय तथा व्यय अवमुक्त धनराशि तक ही सीमित रखा जाय। व्यय में की गयी किसी भी अनियमितता के लिए आहरण एवं वितरण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(4) प्रत्येक बोरिंग के साथ ही कम से कम 25 पेड़ जो किसान स्थानीय स्तर पर अपने लिए उपयोगी समझे, लगाये जाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाया

(5) प्रश्नगत योजना का क्रियान्वयन शासनादेश संख्या-3941/62-2-2012-2/2(10)/2012, दिनांक 20.11.2012 द्वारा निर्गत गाईड लाइन के अनुसार किया जायेगा।

(6) जिला योजनाओं के अन्तर्गत जनपदवार/योजनावार परिव्यय निर्धारण होने के उपरान्त जारी की गयी स्वीकृतियों को आवंटित परिव्यय में समायोजित करते हुए यथावश्यकता संबंधित जनपदों की जिला योजना समिति का कार्योत्तर अनुमोदन भी प्राप्त कर लिया जाये।

(7) यह व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित कर लिया जाय कि अवमुक्त धनराशि के प्रत्येक बिल पर सही, सम्पूर्ण, मुख्य, लघु, उप एवं विस्तृत लेखा शीर्षक अंकित किया जाय अन्यथा महालेखाकार कार्यालय में सही बुकिंग में बाधा होगी।

(8) विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत बजट में प्राविधानित धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के संबंध में शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 06 जून, 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चिचत किया जाय।

(9) अवमुक्त धनराशि के समक्ष किये गये व्यय निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार निर्धारित रूप पत्रों में मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायें जायें।

1-	मासिक व्यय विवरण	आगामी माह की 05 तारीख तक
2-	प्रारम्भिक व्ययाधिक्य तथा बचत विवरण	15.10.2019 तक
3-	व्ययाधिक्य तथा बचत का अंतिम विवरण	15.12.2019 तक
4-	वर्ष 2019-20 के आवंटन का अंतिम लेखा विवरण (पुनर्विनियोग का प्रस्ताव) यदि कोई हो	15.02.2020 तक
5-	आवंटन का समर्पण	15.03.2020 तक

नोट:- दिनांक 15.03.2020 के बाद कोई भी समर्पण स्वीकार नहीं किया जायेगा।

2. तत्सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के अन्तर्गत अनुदान संख्या-83 के अधीन "लेखा शीर्षक-2702-लघु सिंचाई-02-भू-जल-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-04-एलूबियम क्षेत्रों में मध्यम गहरे नलकूपों का निर्माण-27-सब्सिडी" के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त (आय-व्यय) अनुभाग-1, के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22.03.2019 के क्रम में जारी किये जा रहे है।

<u>संलग्नक-यथोक्त।</u>

भवदीय,

(जुहैर बिन सगीर)

विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या-11/2019/1146(1)/62-2-2019, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज (इलाहाबाद)।
2- महालेखाकार, (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज (इलाहाबाद)।
3- मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4- समस्त अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई वृत्त।
5- सम्बन्धित जिलाधिकारी।
6- सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी/अतिरिक्त जिला अधिकारी (विकास)/जिला विकास अधिकारी।
7- सम्बन्धित सहायक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग।
8- सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी।
9- नियोजन अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
10- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/3, उत्तर प्रदेश शासन।
11- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन।
12- बजट प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
13- निदेशक, सूचना, उत्तर प्रदेश।
14- एन0आई0सी0 की प्रति।
15- वित्त एवं लेखाधिकारी, लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(संजय शुक्ला)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सं0-11/2019/1146/62-2-2019-2/3(19)/2018, दिनांक 27 जून, 2019 का संलग्नक।

चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के अन्तर्गत अनुदान सं0-83 के अधीन लेखाशीर्षक-2702-लघु सिंचाई-02-भू-जल-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-04-एलूवियम क्षेत्रों में मध्यम गहरे नलकूपों का निर्माण-27-सब्सिडी में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष अवमुक्त की जाने वाली धनराशि का विवरण।

(रू0 लाख में)

क्र0सं0	जनपद	गत वर्ष 2018-19 में नियोजन विभाग द्वारा सूचित परिव्यय	बजट प्राविधान	अवमुक्त की जाने वाली धनराशि
1	2	3	4	5
1	मेरठ	0.00	0.00	0.00
2	बागपत	0.00	0.00	0.00
3	गाजियाबाद	0.00	0.00	0.00
4	गौतमबुद्ध नगर	0.00	0.00	0.00
5	बुलन्दशहर	0.00	0.00	0.00
6	हापुड़	0.00	0.00	0.00
7	सहारनपुर	0.00	0.00	0.00
8	मुजफ्फर नगर	0.00	0.00	0.00
9	शामली	0.00	0.00	0.00
10	आगरा	0.00	0.00	0.00
11	मथुरा	30.60	18.36	18.36
12	फिरोजाबाद	0.00	0.00	0.00
13	मैनपुरी	22.95	13.77	13.77
14	अलीगढ़	0.00	0.00	0.00
15	हाथरस	0.00	0.00	0.00
16	एटा	0.00	0.00	0.00
17	कासगंज	0.00	0.00	0.00
18	बरेली	45.90	29.07	29.07
19	बदायूँ	52.02	32.13	32.13
20	सम्भल	5.72	3.06	3.06
21	शाहजहाँपुर	0.00	0.00	0.00
22	पीलीभीत	0.00	0.00	0.00
23	मुरादाबाद	7.65	4.59	4.59
24	अमरोहा	0.00	0.00	0.00
25	रामपुर	0.00	0.00	0.00
26	बिजनौर	15.30	9.18	9.18
27	लखनऊ	153.00	94.86	94.86
28	हरदोई	15.30	9.18	9.18

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

29	सीतापुर	153.00	94.86	94.86
30	खीरी	75.58	47.43	47.43
31	रायबरेली	200.00	128.52	128.52
32	उन्नाव	45.90	29.07	29.07
33	कानपुर नगर	22.95	13.77	13.77
34	कानपुर देहात	28.95	18.36	18.36
35	इटावा	38.25	24.48	24.48
36	औरैया	153.00	96.10	96.10
37	फर्रूखाबाद	114.75	71.91	71.91
38	कन्नौज	107.10	67.32	67.32
39	प्रयागराज	67.32	41.31	41.31
40	कौशाम्बी	15.30	9.18	9.18
41	फतेहपुर	22.95	13.77	13.77
42	प्रतापगढ़	30.60	18.36	18.36
43	वाराणसी	0.00	0.00	0.00
44	चन्दौली	0.00	0.00	0.00
45	गाजीपुर	0.00	0.00	0.00
46	जौनपुर	5.00	3.06	3.06
47	मिर्जापुर	0.00	0.00	0.00
48	सोनभद्र	0.00	0.00	0.00
49	सन्तरविदास नगर	15.30	9.18	9.18
50	अयोध्या	0.00	0.00	0.00
51	अम्बेडकर नगर	0.00	0.00	0.00
52	बाराबंकी	0.00	0.00	0.00
53	सुल्तानुपर	0.00	0.00	0.00
54	अमेठी	53.55	33.66	33.66
55	गोण्डा	0.00	0.00	0.00
56	बलरामपुर	0.00	0.00	0.00
57	बहराइच	30.00	18.36	18.36
58	श्रावस्ती	61.20	38.25	38.25
59	गोरखपुर	0.00	0.00	0.00
60	महाराजगंज	0.00	0.00	0.00
61	देवरिया	0.00	0.00	0.00
62	कुशीनगर	0.00	0.00	0.00
63	बस्ती	0.00	0.00	0.00
64	सन्तकबीर नगर	0.00	0.00	0.00
65	सिद्वार्थ नगर	0.00	0.00	0.00
66	आजमगढ़	0.00	0.00	0.00
67	मऊ	0.00	0.00	0.00
68	बलिया	0.00	0.00	0.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

69	झाँसी	30.60	18.36	18.36
70	जालौन	38.25	24.48	24.48
71	ललितपुर	0.00	0.00	0.00
72	हमीरपुर	8.90	6.12	6.12
73	महोबा	0.00	0.00	0.00
74	बाँदा	7.65	4.59	4.59
75	चित्रकूट	0.00	0.00	0.00
	योग:-	1674.54	1044.70	1044.70

(रूपया दस करोड़ चौवालिस लाख सत्तर हजार मात्र)

(संजय शुक्ला)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।